भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3314
उत्तर देने की तारीख : 09 दिसम्बर, 2019

सोलापुर के लिए आरंभ की गई सांस्कृतिक योजनाएं

3314. डॉ॰ जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत दो वर्षों के दौरान संस्कृति मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में कौन-सी योजनाएं आरंभ की गई हैं;

(ख) क्या आगामी वर्षों के दौरान सोलापुर जिले के लिए सरकार के पास कोई सांस्कृतिक योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (ग) : संस्कृति मंत्रालय द्वारा कई केंद्रीय क्षेत्रक स्कीमें संचालित की जाती हैं जो महाराष्ट्र के सोलापुर जिले सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों पर लागू होती हैं। स्कीमों के नाम इस प्रकार हैं :

I. रेपर्टरी अनुदान
II. राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहायता
III. सांस्कृतिक समारोह निर्माण अनुदान
IV हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का परिरक्षण और विकास
V. बौद्ध/तिब्बती संगठनों का परिरक्षण और विकास
VI. स्टूडियो थियेटर सहित भवन अनुदान हेतु वित्तीय सहायता
VII. संबद्ध सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता
VIII. टैगोर सांस्कृतिक परिसर हेतु वित्तीय सहायता
IX. कला एवं संस्कृति के प्रोत्साहन हेतु छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति स्कीम
X. कलाकारों को पेंशन एवं चिकित्सा सहायता हेतु स्कीम
XI. सेवा भोज योजना के तहत वित्तीय सहायता की स्कीम
XII. संग्रहालय अनुदान स्कीम
XIII. विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन की स्कीम (एसपीओसीएस)
XIV. अमूर्त सांस्कृतिक विरासत स्कीम
XV. भारत महोत्सव
XVI. भारत विदेश मैत्री सांस्कृतिक सोसाइटी सहायता अनुदान